

**रोहित-राहुल ने की गेंदबाजों की धुनाई**

राहुल और रोहित ने आते ही आक्रामक अंदाज में खेलते हुए न्यू जीलैंड के गेंदबाजों की मैदान के चारों ओर धुनाई की। टिम साउदी और हामिश बेनेट दोनों महंगे साबित हुए। साउदी को कोई विकेट भी नहीं मिल सका जबकि बेनेट ने 3 विकेट लिए लेकिन 54 रन दे दिए। भारत ने पहले छह ओवर में 69 रन बना डाले।

## शमी ने अंतिम ओवर में बढ़ाया रोमांच

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** हेमिल्टन। अंतिम ओवर में मेजबान टीम को जीत के लिए 9 रन की दरकार थी, लेकिन टीम 8 रन ही बना सकी। रॉस टेलर ने पहली बॉल पर सिक्स लगाया और दूसरी पर सिंगल ले लिया। मोहम्मद शमी ने तीसरी गेंद पर केन विलियमसन (95) को विकेट के पीछे कैच कराया। विलियमसन ने 48 गेंदों पर 8 चौके और 6 छक्के जड़े। इसके बाद टेलर (17) अंतिम गेंद पर बोल्ड हो गए। टेलर ने 10 गेंदों पर 1 चौका और 1 छक्का लगाया।

**भारत ने दिया 180 रन का टारगेट**

रोहित शर्मा (65) के आक्रामक अर्धशतक से भारत ने 20 ओवर में पांच विकेट पर 179 रन बनाए। रोहित ने 40 गेंदों पर 65 रन की आक्रामक पारी खेली, जिसमें 6 चौके और 3 छक्के लगाए। उन्होंने केएल राहुल (19 गेंद में 27 रन) के साथ पहले विकेट के लिये 87 रन जोड़े। रोहित शर्मा ने अपना अर्धशतक 23 गेंदों में पूरा किया। उन्होंने हामिश बेनेट के दूसरे ओवर में 27 रन बनाए।

# भारत ने न्यू जीलैंड को तीसरे टी20 में सुपर ओवर में हराया

**क्रिकेट**

### भारत ने 5 मैचों की सीरीज में 3-0 से बनाई अजेय बढ़त, हैमिल्टन में सुपर ओवर में जीत

रोहित बने मैन ऑफ द मैच, खेली 65 रन की पारी, फिर सुपर ओवर में भी जड़े लगातार 2 सिक्स

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

हैमिल्टन। न्यू जीलैंड टीम ने कप्तान केन विलियमसन (95) भारत के खिलाफ तीसरे टी20 में बुधवार को अपनी टीम को जीत नहीं दिला सके। भारतीय टीम ने सुपर ओवर में इस मुकाबले को जीतकर सीरीज पर भी कब्जा जमा लिया। भारत ने 20 ओवर में 5 विकेट पर 179 रन बनाए, न्यू जीलैंड टीम भी 20 ओवर में 6 विकेट पर 179 रन ही बना सकी। इसके बाद मैच के परिणाम के लिए सुपर ओवर का सहारा लिया गया।

सुपर ओवर में न्यू जीलैंड ने 1 छक्के और 2 चौकों की मदद से 17 रन बनाए और भारतीय टीम ने 20 रन बनाए। रोहित शर्मा ने सुपर ओवर में लगातार 2 छक्के जड़े



और टीम इंडिया को जीत दिलाई। इसी के साथ भारत ने 5 मैचों की सीरीज में 3–0 की अजेय बढ़त बना ली।

**भारत ने न्यू जीलैंड में जीती पहली बार सीरीजः** भारत टीम ने सीरीज में 3–0 की अजेय बढ़त बना ली। ऐसा पहली बार है कि उसने न्यू जीलैंड में पहली बार टी20 इंटरनैशनल सीरीज पर कब्जा किया। इससे पहले दो अवसरों पर वह यह उपलब्धि हासिल करने में नाकाम रही थी। भारत 2008–09 में महेंद्र सिंह धोनी की अगुआई में 0–2 से जबकि पिछले साल 1–2 से सीरीज हार गया था।

**विलियमसन ने संभाला, शतक से चूकेः** तीसरे नंबर पर उतरे कप्तान केन विलियमसन ने उम्दा पारी खेली और टीम को जीत की दहलीज तक ले गए। उन्होंने मिशेल सैंटनर (9) के साथ तीसरे विकेट के लिए 36 रन जोड़े, फिर कोलिन डि ग्रैंडहोम (5) के साथ चौथे विकेट के लिए 49 रन की साझेदारी की। इसमें विलियमसन ने ही ज्यादा रनों का योगदान दिया। सैंटनर को चहल ने बोल्ड किया जबकि ग्रैंडहोम को शार्दुल की गेंद पर शिवम दुबे ने लपका।

**विराट और अय्यर की पार्टनरशिप**

कप्तान विराट कोहली (27 गेंद में 38 रन) और श्रेयस अय्यर (17 रन) ने चौथे विकेट के लिए 46 रन की साझेदारी की। विराट ने अपनी पारी में 2 चौके और 1 छक्का लगाया। अय्यर ने 16 गेंदों पर 1 सिक्स लगाया। उनका विकेट 17वें ओवर में गिरा और दो ओवर बाद कोहली भी पविलियन लौट गए। मनीष पांडे ने 14 और रविंद्र जडेजा ने 10 रन बनाकर भारत को 170 के पार पहुंचाया।

## रोहित शर्मा ने बतौर ओपनर पूरे किए इंटरनैशनल क्रिकेट में 10 हजार रन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

हैमिल्टन। भारतीय ओपनर रोहित शर्मा ने हैमिल्टन में न्यू जीलैंड के खिलाफ तीसरे टी20 इंटरनैशनल मैच में खास उपलब्धि अपने नाम की। वह बतौर ओपनर इंटरनैशनल क्रिकेट में 10 हजार रन पूरे करने वाले भारतीय बन गए।

टीम इंडिया के स्टार बल्लेबाज रोहित को इस उपलब्धि के लिए 56 रन की दरकार थी जो उन्होंने पारी के 8वें ओवर की अंतिम गेंद पर पूरे किए। इसके साथ ही वह बतौर ओपनर इंटरनैशनल क्रिकेट में 10 हजार रन पूरे करने वाले भारतीय बल्लेबाज बन गए। रोहित से पहले इंटरनैशनल क्रिकेट में केवल 3 भारतीय बल्लेबाज ही बतौर



ओपनर 10 हजार या इससे ज्यादा रन बना सके। दिग्गज सचिन तेंडुलकर, सुनील गावसकर और वीरेंदर सहवाग के नाम यह उपलब्धि दर्ज है। गावसकर ने बतौर ओपनर 12, 258 रन बनाए। वहीं सहवाग ने भी बतौर ओपनर इंटरनैशनल क्रिकेट में 16119 रन बनाए। सचिन ने बतौर ओपनर वनडे में ही रेकॉर्ड 15310 रन बनाए। रोहित ने इस मैच में टी20 इंटरनैशनल करियर का 20वां अर्धशतक पूरा किया और वह 65 रन बनाकर हामिश बेनेट का शिकार बने। उन्होंने 40 गेंदों की अपनी पारी में 6 चौके और 3 छक्के लगाए। भारतीय टीम ने सीरीज के शुरुआती दोनों टी20 में हराया और 5 मैचों की इस सीरीज में 2–0 से बढ़त बना ली। हैमिल्टन में सीरीज के तीसरे टी20 में न्यू जीलैंड ने टॉस जीता और पहले फील्डिंग का फैसला किया।

## भारतीय महिला हॉकी टीम न्यू जीलैंड से हारी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** ऑकलैंड। भारतीय महिला हॉकी टीम को न्यू जीलैंड ने बुधवार को तीसरे मैच में 1–0 से हरा दिया। मैच में एकमात्र गोल न्यू जीलैंड ने होप रॉल्फ ने 37वें मिनट में किया। इससे पहले भारतीय टीम ने पहले मैच में न्यू जीलैंड की डेवलपमेंट टीम को 4–0 से हराया था, लेकिन अगला मैच 1–0 से हार गई। भारत ने आक्रामक शुरुआत की और दूसरे ही मिनट में पेनल्टी कॉर्नर बनाया लेकिन उस पर गोल नहीं हो सका। न्यू जीलैंड ने भी शुरू में दो पेनल्टी कॉर्नर बनाए लेकिन भारतीय डिफेंस काफी मजबूत था। भारतीय कोच शोर्ड मारिन ने कहा, 'हमने डिफेंस में आज कुछ प्रयोग किए और न्यू जीलैंड को सर्कल में घुसने के मौके दिए। इस समय ये सारे प्रयोग करना सही है क्योंकि हम ओलिंपिक की तैयारी कर रहे हैं।' दूसरे क्वॉर्टर में भारतीय स्ट्राइकरों ने पेनल्टी कॉर्नर बनाया लेकिन मेजबान ने गोल नहीं होने दिया। मारिन ने कहा, 'हमारे खेल में मैच दर मैच सुधार आ रहा है और हम हर अगले मैच में बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। इस समय नतीजे अहम नहीं बल्कि प्रक्रिया महत्वपूर्ण है।'

## न्यूज डायरी




### रोहित बोले, पहली बारी की है सुपर ओवर में बैटिंग

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** हेमिल्टन। हेमिल्टन में खेले गए टी20 मैच में भारत ने न्यू जीलैंड को सुपर ओवर में हरा दिया। भारतीय टीम को आखिरी दो गेंदों पर 10 रनों की जरूरत थी और ऐसे में रोहित शर्मा ने लगातार दो छक्के लगाकर भारत को जीत दिला दी। मैच प्रजेंटेशन में रोहित ने बताया कि उस दौरान उनके दिमाग में क्या चल रहा था। रोहित ने कहा कि मैंने कभी सुपर ओवर में बल्लेबाजी नहीं की है। मुझे इस बात का अंदाजा नहीं था कि यहां कैसे बैटिंग की जाए। रोहित ने कहा, मैं समझ नहीं पा रहा था कि क्या पहली गेंद से हमला किया जाए या फिर थोड़ा रुका जाए। भारतीय उपकप्तान से जब इनके बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, मैं बस स्थिर रहना चाहता था। मेरी कोशिश थी कि इन दो गेंदों पर अपना सर्वश्रेष्ठ खेलूं।

### रामकुमार को टाटा ओपन महाराष्ट्र में वाइल्ड कार्ड मिला

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मुंबई। रामकुमार रामनाथन को बुधवार को टाटा ओपन महाराष्ट्र में पुरुष एकल के लिये वाइल्ड कार्ड दिया गया और आयोजक अनुभवी लिएंडर पेस को भी पुरुष युगल में इसी तरह से प्रवेश दे सकते हैं। भारत के चोटी के दो खिलाड़ी प्रजनेश गुणेश्वरन और सुमित नागल ने सीधे मुख्य ड्रा में जगह बना ली थी। टूर्नामेंट के निदेशक प्रशांत सुतार ने कहा, ''मुख्य ड्रा में एकल के लिये तीन वाइल्ड कार्ड थे और इनमें से हमने एक रामकुमार को सौंपा है। हमने अभी दो अन्य वाइल्ड कार्ड के बारे में फैसला नहीं किया है। '' उन्होंने कहा, ''पहली बार भारत के दो खिलाड़ियों को मुख्य ड्रा में सीधा प्रवेश मिला है। हम चाहते हैं कि कोई एशियाई या भारतीय खिताब जीते। '' सुतार ने बताया कि पेस ने भी युगल में वाइल्ड कार्ड से प्रवेश का आग्रह किया है और वे इसे सकारात्मक तौर पर ले रहे हैं।

### आस्ट्रेलियाई ओपन सेमीफाइनल में हालेप का सामना मुगुरूजा से

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मेलबर्न। गैर वरीयता प्राप्त गार्बाइन मुगुरूजा ने फार्म में लौटते हुए पहली बार आस्ट्रेलियाई ओपन सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया जहां उनका सामना दो बार की ग्रैंडस्लैम चौम्पियन सिमोना हालेप से होगा । दुनिया की पूर्व नंबर एक खिलाड़ी स्पेन की मुगुरूजा ने रूस की 30वीं वरीयता प्राप्त अनास्तासिया पेवल्यूशेंकोवा को 7 . 5, 6 . 3 से मात दी । वहीं हालेप ने एस्तोनिया की एनेट कोंटावेट को 6 . 1, 6 . 1 से हराया । हालेप एक भी सेट गंवाये बिना यहां तक पहुंची है और 2018 फ्रेंच ओपन, 2019 विम्बलडन के बाद उनकी नजरें यहां खिताब जीतने पर है । दूसरे सेमीफाइनल में शीर्ष वरीयता प्राप्त स्थानीय खिलाड़ी एशले बार्टी का सामना अमेरिका की 14वीं वरीयता प्राप्त सोफिया केनिन से होगा ।

### जिब्राल्टर शतरंज के आठवें दौर में चार भारतीयों को संयुक्त बढत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

चेन्नई। भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानंदा ने 18वें जिब्राल्टर शतरंज टूर्नामेंट के आठवें दौर में मास्टर्स वर्ग में संयुक्त दूसरा स्थान हासिल कर लिया जब उनके प्रतिद्वंद्वी शीर्ष वरीयता प्राप्त शखरियार मामेदियारोव ने बीमार होने के कारण नाम वापिस ले लिया। चौदह बरस के प्रज्ञानंदा को पूरा अंक मिल गया। वह चार अन्य के साथ दूसरे स्थान पर हैं । जिब्राल्टर शतरंज ने ट्वीट किया ,'' शीर्ष वरीयता प्राप्त और दुनिया के आठवें नंबर के खिलाड़ी मामेदियारोव भारत के प्रज्ञानंदा के खिलाफ नहीं खेलेंगे। वह बीमार हैं और हम उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हैं।'' रूस के आंद्रेइ एसिपेंको, ईरान के परहाम एम , रूस के डेविड पारावियान और चीन के वांगो हाओ शीर्ष पर हैं। भारत के वैभव सूरी ने इस दौर में जीत दर्ज की जबकि बी अधिबान, डी गुकेश, कार्तिकेयन मुरली और के शशिकिरण ने ड्रा खेला।